गणेशोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

नप्र, भोपालः शहर में गणेशोत्सव की शुरुआत के साथ ही विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान से स्थापित की गईं। गणपति बप्पा के जयकारों से पंडाल और आसपास के क्षेत्र गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के लिए शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, कॉलोनियों और धार्मिक स्थलों के आसपास आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं। कई स्थानों पर विद्युत सज्जा के साथ फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से विशेष सजावट की गई है। सुबह और शाम आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। गणेशोत्सव के दौरान विभिन्न स्थानों पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए घाटों और कुंडों पर व्यवस्थाएं समय से पहले करें : निगम आयुक्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सभी घाटों और कुंडों पर व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डोल ग्यारस पर छोटी गणेश प्रतिमाओं के ससम्मान एकत्रीकरण और विसर्जन की समुचित व्यवस्था करने को भी कहा।

निगम आयुक्त ने सोमवार को निगम मुख्यालय में विसर्जन व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी घाटों और कुंडों पर व्यापक साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विसर्जन कार्य शुरू होने से पहले और समाप्ति के बाद तक सफाई व्यवस्था बनाए रखने को कहा। घाटों पर फायर ब्रिगेड और गोताखोरों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। निगम प्रशासन ने विसर्जन घाटों की व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त अधिकारियों की जिम्मेदारियों में संशोधन किया है। संशोधित आदेश के अनुसार अपर आयुक्त अमन मिश्रा को शाहपुरा विसर्जन घाट, अभिषेक सिंह को संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ विसर्जन घाट और वरुण बड़ेरिया को मालीखेड़ी विसर्जन घाट का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

अक्षय कुमार तेम्रवाल प्रेमपुरा घाट, तन्मय वशिष्ठ शर्मा रानी कमलापति घाट और वरुण अवस्थी हथाईखेड़ा स्थित घाट के नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे। उपायुक्त भुवन गुप्ता खटलापुरा विसर्जन घाट के नोडल अधिकारी रहेंगे।

आयुक्त ने झांकी पंडालों की मूर्तियों के विसर्जन के लिए घाटों का चयन कर सूची प्रस्तुत करने तथा घाटों और कुंडों पर तैनात कर्मचारियों की निर्धारित गणवेश में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वेयर हाउसिंग कर्मचारियों ने पेंशन योजना की राशि वापस करने की मांग की

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन कर्मचारी संघ ने पेंशन योजना के लिए भारतीय बीमा निगम में जमा कराई गई राशि वापस करने की मांग की है। संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई ने बताया कि वर्ष 1997 में वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारियों के लिए भारतीय बीमा निगम के माध्यम से पेंशन योजना शुरू की गई थी।

उन्होंने बताया कि कुछ समय तक योजना सुचारू रूप से चली, लेकिन बाद में यह विवादित हो गई। इसके बाद कर्मचारियों ने जमा राशि वापस करने की मांग की, लेकिन अभी तक राशि वापस नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। कर्मचारियों को 32 प्रतिशत राशि वापस की जानी चाहिए। प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई ने वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन और भारतीय बीमा निगम के प्रबंधन से कर्मचारियों के हित में जल्द कार्रवाई करते हुए राशि लौटाने का अनुरोध किया है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित

जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन, प्रतिभाओं को वितरित किए प्रमाण-पत्र

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत भोपाल जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में 'सेवा चित्र-मेरे सपनों का भारत' चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए चित्रों और भाषणों के माध्यम से विकसित भारत को लेकर अपनी कल्पनाओं और विचारों को प्रस्तुत किया। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र वितरित किए और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और उनके विचार देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भाव को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने शासकीय राजा भोज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 1100 क्वार्टर, अरेरा कॉलोनी में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, रचनात्मकता और विकसित भारत के प्रति सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटरा में आयोजित प्रतियोगिता में पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कप्तान सिंह सोलंकी ने विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिया।

भोपाल जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नरेला, गोविंदपुरा, दक्षिण-पश्चिम, हुजूर और मध्य विधानसभा क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रमों में सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

क्यूआर कोड स्कैन करते ही मिलेगी नामांतरण व सुधार के दस्तावेजों की जानकारी

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपाल/इंदौर : । मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 की भावना के अनुरूप नगर पालिक निगम इंदौर के जोन क्रमांक 21 एवं 22 में नागरिक सुविधा के लिए क्यूआर कोड आधारित डिजिटल व्यवस्था शुरू की गई है।

जोन 21 के राजस्व विभाग में पदस्थ लिपिक तरुण पाराशर की पहल से शुरू इस सुविधा के तहत नागरिक मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर नामांतरण, नवीन खाता तथा संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क खातों में सुधार से जुड़े 35 प्रकार के प्रकरणों के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची घर बैठे देख सकेंगे। आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने के साथ सूची को पीडीएफ या प्रिंट के रूप में भी सुरक्षित किया जा सकता है।

पृष्ठ पर प्रकरण की श्रेणी पहचानने के लिए सरल तालिका, दस्तावेज प्राप्त करने के स्रोत, कार्यालय समय और मानचित्र की जानकारी भी उपलब्ध है। यह सुविधा निःशुल्क है और इसमें किसी व्यक्तिगत जानकारी, लॉगिन या पंजीयन की आवश्यकता नहीं है। इसमें केवल आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी दी गई है, जबकि मौका रिपोर्ट, टीप और अनुशंसा जैसे विभागीय दस्तावेज कार्यालय स्तर पर तैयार किए जाएंगे।

अधिकारियों के अनुसार इस पहल से नागरिकों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी के लिए बार-बार कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी। इससे नागरिकों के समय की बचत होने के साथ कार्यालय में अनावश्यक भीड़ और कार्यभार भी कम होगा।

संत हिरदारामजी के अवतरण दिवस पर श्रद्धा और सेवा का संकल्प

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः मानवता को निःस्वार्थ सेवा और करुणा का पावन पथ दिखाने वाले संत हिरदारामजी के अवतरण दिवस पर संतनगर श्रद्धा और समर्पण के भाव से आप्लावित रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने संतजी के लोककल्याणकारी विचारों और पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। उनकी कुटिया में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। संत हिरदाराम साहिब जी का अवतरण दिवस 'सेवा संकल्प दिवस' के रूप में मनाया गया। संतजी की कुटिया 'सेवा संकल्प धाम' में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक समागम का समापन हुआ। सिद्धभाऊजी के सानिध्य में संपत पाठ और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ के साथ धार्मिक कार्यक्रम हुए।

टीईटी के विरोध में 27 से शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना

नप्र, भोपालः शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में मध्य प्रदेश के शिक्षक संगठनों ने 27 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने का निर्णय लिया है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश की रविवार को हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया। संगठनों ने टीईटी के आवेदन पत्र नहीं भरने का भी सामूहिक निर्णय लिया है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने और प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लागू करने की मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

CHANGE OF NAME

I vikrant bhojwani S/O bhojwani meghraj lakhmichand is hereby declare that I have changed my Old name from Vikrant Meghraj Bhojwani to Vikrant Bhojwani (New name) S/O Meghraj Bhojwani, address, C 88 sector 4 Global park city katara hills Bhopal(M P)-462043 I shall be known as vikrant bhojwani S/o Meghraj Bhojwani in future for all purpose including all the official Documentation.

1713

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Soni Khushalani W/O Harish Kumar Khushalani निवासी 168 न्यू सिंधी कॉलोनी बैरसिया रोड भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001 घोषणा करती हूं कि मेरा पूर्व में नाम Soni Khushalani W/O Harish Khushalani था जो मेरे पूर्व पासपोर्ट पर लिखा है जिसे मैंने बदलकर नया नाम Soni Khushalani W/O Harish Kumar Khushalani रख लिया है जो मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नया नाम Soni Khushalani W/O Harish Kumar Khushalani लिखा है अब मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

1712

जाहिर सूचना

खसरा क्रमांक 4/2/1 ग्राम ग्राम-वरहाखेड़ा, पटवारी हल्का नम्बर-00025, तहसील-गौहरगंज, जिला रायसेन के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने उपलब्ध दस्तावेजो के अनुसार 1. श्रीमती सफिया पुत्री श्री मुन्ने खाँ आयु वयस्क, 2. श्रीमती शाहनुल पुत्री श्री मुन्ने खाँ आयु वयस्क, 3. आसिया बेगम पत्नी स्व. श्री मसर्रत आयु वयस्क, 4. फाजिल खान आत्मज श्री मसर्रत आयु वयस्क, 5. रजिया पुत्री श्री मुन्ने खाँ आयु वयस्क 6. फोजिया पुत्री श्री मुन्ने खाँ आयु वयस्क 7. रुबिया पुत्री श्री मुन्ने खाँ आयु वयस्क 8. रानी पुत्री श्री मुन्ने खाँ आयु वयस्क, सभी जाति-मुस्लिम (गैर-आदिवासी) सभी निवासी ग्राम गौहरगंज, तहसील-गौहरगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व व अधिपत्य की एक किता कृषि भूमि जो कि खसरा क्रमांक 4/2/1 रकबा 3.238 हेक्टेयर होकर ग्राम-वरहाखेड़ा, पटवारी हल्का नम्बर-00025, राजस्व निरीक्षक मण्डल-गौहरगंज, विकास खण्ड-औबेदुल्लागंज, तहसील-गौहरगंज, जिला रायसेन मध्यप्रदेश में स्थित है, को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि को क्रय करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, सोसाईटी, बैंक अथवा विभाग को कोई आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का दाबा, झगडा, विबाद, भार हो या उक्त भूमि का कोई अन्य विलेख निष्पादित किया गया हो तो इस सूचना प्रकाशन (विज्ञप्ति) से 7 दिवस के अन्दर मेरे समक्ष सहप्रमाण मय दस्तावेज के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समय अवधि के बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा एवं मेरे पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीकरण (रजिस्ट्री) का निष्पादन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र होगें, तदानुसार सूचित हो। **नोट** जाहिर सूचना की एक प्रति मेरे कार्यालय में सुरक्षित रख ली गई है।

RAJENDRA MAITHIL, ADVOCATE
Office: Shop.No. 14, 2nd Floor, Fine Avenue, Kolar, Road, Bhopal (M.P.)-462042
Mob No :-91 9977600944

1711

IN THE COURT OF I ADDITIONAL PRINCIPAL JUDGE] FAMILY COURT-DISTRICT COURT BHOPAL
Presiding Officer
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

कविता मीणा.....**आवेदिका.. विरूद्ध**....दीपक मीणा ..**अनावेदिक**
Process ID- पेशी दि. 27/10/2026

प्रति, दीपक मीणा पुत्र पतिराम मीणा आयु वयस्क निवासी म.नं.-120, पुराना शिव मंदिर आनंद नगर पिपलानी भोपाल म.प्र. जी.पी.ओ, भोपाल मोबाईल नम्बर.... यह कि आवेदक कविता मीणा ने आपके विरूद्ध धारा 13 (1) हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपजात हाजिर होने के लिये संमन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारकाने कथनों का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य 2 किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे वा शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपक्षमा की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो बान की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से कराने में इच्छुक है तो पीवासीन अधिकारी को अवगत कराये। यह आज तारीख 16.09.2026 को मेरे हस्तक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(Sachin Sharma)
Additorial Principal Judge
Famally Court, Bhopal (M.P.)

1710

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सजित साहू आ. श्री अजय कुमार साहू निवासी-87 वृंदावन नगर, अयोध्या बायपास रोड भोपाल मध्य प्रदेश 462022। यह कि अंकसूची में मेरा नाम सजित कुमार साहू अंकित हो गया था। अतः सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सजित साहू है। अतः भविष्य में **मुझे सजित साहू के नाम से जाना व पहचाना जावे।**

1714

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं टी सुरेश कुमार आत्मज थंकप्पन नायर पी (T Suresh Kumar S/o Thankappan Nair P) आधार नं. 7321 4788 9297 निवासी 60 वार्ड नं. 02 एस.डी.टी.एम. स्कूल के पास शिवराजपुरी कालोनी इटारसी-461111 मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक, सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट वर्ष 1987 की अंकसूची एवं सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र-1987 एवं रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ जबलपुर-2010 जबलपुर-2010 के कॉल लेटर में मेरा नाम टी सुरेश कुमार दर्ज होकर स्थापित है जबकि मेरी सेवा पंजिका एवं वेतनपर्ची मे मेरा नाम थंकप्पन नायर सुरेश कुमार दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम टी सुरेश कुमार आत्मज थंकप्पन नायर पी है। उपरोक्त दोनो नाम मुझ एक ही व्यक्ति के है। अब मैं अंतिम रुप से टी सुरेश कुमार आत्मज थंकप्पन नायर पी (T Suresh Kumar S/o Thankappan Nair P) के नाम से जाना पहचाना जाता हूँ एवं भविष्य में भी इसी नाम से ही जाना पहचाना जाऊंगा।

टी सुरेश कुमार
आत्मज थंकप्पन नायर पी पता :वार्ड नं.02
एस.डी.टी.एम. स्कूल के पास शिवराजपुरी कालोनी
इटारसी-461111 मो. 9977455309

1715

कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 06 मिसरोद तहसील-कोलार, जिला-भोपाल. म.प्र.

क्रं.2/रा.नि./2026 भोपाल, दिनांक 21/09/2026

सूचना-पत्र

प्रति, 1-प्रेमनारायण धापूबाई नारायणबाई पिता बंसीलाल पता मिसरोद 2-ओमप्रकाश, मनोज, कांताबाई शांतिबाई पिता स्व. रूपसिंह पता मिसरोद 3-प्रेमबाई पिता बंसीलाल पता मिसरोद 4-सूरजबाई पत्नी स्व. श्री घासीराम राधेश्याम आशीष सुनीता सोनू पिता स्व. श्री घासीराम पता मिसरोद 5-हेमवती पत्नी कोमल प्रसाद पता मिसरोद 6-सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकार आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त रतनपुर सडक तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के रा.प्र.क्र./अ-27/26-27 में आवेदक श्री प्रेमनारायण जमनाबाई नारायणबाई प्रेमबाई धापूबाई पिता बंसीलाल व सूरजबाई पत्नि स्व.श्री घासीराम राधेश्याम आशीष सुनीता सोनू पिता स्व. श्री घासीराम पता मिसरोद भोपाल द्वारा ग्राम-मिसरोद प.ह.नं.-23, रा.नि.मं-06 मिसरोद, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 304-305, 313/1, 313/2, 314 रकबा क्र. 0.3240 हे., 0.0830 हे., 0.0830हे., 0.0770 हे. भूमि का बटवारा किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है अतः आवेदित भूमि की बटवारा की कार्यवाही दिनांक 24/09/2026 को आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर बटवारा की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है।

राजस्व निरीक्षक
कोलार भोपाल

1709

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण कमांक 2029/अ-6/2026-27
दिनांक 06/08/2026
ग्राम सेवनियां ओंकारा प.ह.न. 38

ईश्तहार

सर्वसाधरण विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक पूनम वर्मा आ. अनिल वर्मा निवासी म.नं-16 लक्ष्मी नगर रायसेन रोड भोपाल म.प्र. ने म.प्र.भू-रा. संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विकय पत्र दस्तावेज क्रमांक एमपी 059712019ए1867296 दिनांक 14.12.2019 के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम सेवनियां ओंकारा, प.ह.न. 38 तहसील हुजूर स्थित भूमि का खसरा क्रमांक 53/1/1 में से अंश भाग रकबा 600 वर्गफिट भूमि का नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 28/09/2026 नियत है। उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/08/2026 को जारी किया गया है।

अतिरिका तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

1708

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Regional Office : Tawa Complex, Bittan Market, E-5, Arera Colony, Bhopal
Phone : (O) +917552420301-2-3

Date : 21.09.2026

NOTICE INVITING TENDERS

Online tenders are invited through the M.P. E-Procurement System Portal for the following works:

NIT	Subject	PAC Amount
31	Annual running security cum maintenance of street lights & Highmast for area Illumination (with material and labour) at Industrial Area Acharpura, District Bhopal (M.P.)	6504000/-
32	Construction of Internal BT Road Network, RCC Drain, Street Light, K7 Pipe line and Hume pipe Culvert at Industrial Area Jambar Bagri, District Vidisha (M.P.)	15536540/-
33	Civil work of commercial shops (9 Shops) at Industrial Area Badiyakhedi Phase-1, District Sehore (M.P.)	11051788/-
34	Repairing, Refixing & Taking out of MS Shutter from Barrage gate at Industrial Area Pilukhedi, District Rajgarh (M.P.)	582471/-
35	Construction of RCC Drain & Hume pipe culverts at Industrial Area Pilukhedi, District Rajgarh (M.P.)	26276556/-
36	Construction of 106 Nos. Rounded Hump Type Speed Breakers with Road Studs/Reflectors in Industrial Area Mandideep, District Raisen (M.P.)	3837200/-

Tender documents along with detailed terms and conditions can be downloaded from **mptenders.gov.in** shortly.

M.P. Madhyam/128164/2026 **EXECUTIVE ENGINEER**

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान कुठार-प्रक्षेत्र भोपाल-मध्यप्रदेश

शासकीय गुलाब उद्यान परिसर 1250 लिंक रोड़ नं. 01 तुलसी नगर भोपाल म.प्र.

E-mail: adhkuthar.bpl@mp.gov.in

क्रमांक/उद्यान/भंण्डार/नीलामी/2026-27/445 **भोपाल, दिनांक :-17.09.26**

द्वितीय अल्पकालीक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय उद्यानिकी कुठार प्रक्षेत्र भोपाल में अमरूद फलबहार वर्ष 2026-27 की द्वितीय अल्पकालीक नीलामी किया जाना है। क्रय करनें हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्थान नीलामी बंद लिफाफे खुली बोली दिनांक 29.09.2026 कार्यालयीन समय दोपहर 03:00 बजे कार्यालय सहायक संचालक उद्यान कुठार प्रक्षेत्र, शासकीय गुलाब उद्यान परिसर 1250 लिंक रोड़ नं. 01 तुलसी नगर भोपाल में उपस्थिति होकर खुली बोली लगा सकतें है। खुली बोली/नीलामी संबंधित प्रपत्र एवं शर्ते नीलामी/खुली बोली की दिनांक 29.09.2026 से पूर्व दोपहर 11 बजे कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोडकर, 100 रूपये प्रति फार्म कार्यालय सहायक संचालक उद्यान कुठार प्रक्षेत्र भोपाल, शासकीय गुलाब उद्यान परिसर 1250 लिंक रोड़ नं. 01 तुलसी नगर भोपाल एवं शासकीय उद्यानिकी प्रक्षेत्र कुठार, ग्राम-कुठार भोपाल से प्राप्त किये जा सकतें है। नीलामी/खुली बोली की शर्ते/जानकारी कार्यालय सहायक संचालक उद्यान कुठार प्रक्षेत्र शासकीय गुलाब उद्यान परिसर 1250 लिंक रोड़ नं0 01 तुलसी नगर भोपाल से प्राप्त की जा सकती है। नीलामी/खुली बोली दिनांक 29.09.2026 को कार्यालयीन समय दोपहर 03 बजे से नीलामी/खुली बोली समिति के सदस्यों की उपस्थिति में तथा व्यापारियों/प्रतिनिधी के समक्ष खुली बोली की जावेगी। बोलीकर्ता व्यापारी द्वारा फलबहार नीलामी की धरोहर राशि बैंकर्स चैक/बैंक ड्राफ्ट/नगद के रूप में जमा की जा सकेंगी। बैंकर्स चैक/बैंक डाफ्ट/नगद की रसीद नीलामी फार्म के साथ संलग्न की जानें पर ही नीलामी की बोली मान्य की जावेंगी।

क्रं	उद्यान का नाम	पौधों की स्थापना	फसल का नाम	कुल पौध संख्या	फलित	अफलित	धरोहर राशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	शासकीय उद्यानिकी प्रक्षेत्र कुठार भोपाल	पूर्व रोपित	अमरूद	1000	540	460	30,000/-
		नवीन रोपित	अमरूद	1100	800	300	
	योग :-			2100	1340	760	

नीलामी की शर्ते से संबंधित अन्य जानकारी के लिये निम्न स्थानो पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है। संपर्क सूत्र :- प्रभारी अधिकारी मोबाईल नम्बर 7869512442, 9907658604, एवं 9329169250, 9826264685, कार्यालय कुठार प्रक्षेत्र शासकीय गुलाब उद्यान परिसर 1250 लिंक रोड़ नं. 01 तुलसी नगर भोपाल।

सहायक संचालक उद्यान
कुठार प्रक्षेत्र भोपाल मध्यप्रदेश

जी-18900/26